# दीपस्तंभ फाउंडेशन – मनोबल राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 2026

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

## 1. सामान्य परिचय एवं पात्रता

प्रश्न 1: मनोबल राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा क्या है?

मनोबल राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा दीपस्तंभ फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा के अवसर, शैक्षणिक मार्गदर्शन, मेंटरशिप और छात्रवृत्ति सहायता प्रदान करना है।

- मिलने वाली सहायता: अंतिम चयन एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर चयनित छात्रों को कोचिंग सुविधा, रहने की व्यवस्था, तकनीकी सहायता, शैक्षणिक सहयोग और करियर मार्गदर्शन प्रदान किया जा सकता है।

**प्रश्न 2: कौन आवेदन कर सकता है?**

- सामाजिक श्रेणियाँ: निम्न श्रेणियों के छात्र आवेदन कर सकते हैं:
    - दिव्यांग छात्र (PwD)
    - अनाथ छात्र
    - ट्रांसजेंडर छात्र
    - निम्न आय वर्ग (LIG) के छात्र
- शैक्षणिक पात्रता: वे छात्र जो कक्षा 12 में अध्ययनरत/उत्तीर्ण हैं, स्नातक (Graduation) कर रहे हैं/पूर्ण कर चुके हैं, या स्नातकोत्तर (Post Graduation) कर रहे हैं/पूर्ण कर चुके हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे हैं।
- क्षेत्रीय पात्रता: भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के छात्र आवेदन कर सकते हैं।

**प्रश्न 3: क्या आवेदन या परीक्षा के लिए कोई शुल्क है?**

- नहीं। आवेदन प्रक्रिया एवं प्रवेश परीक्षा पूरी तरह निःशुल्क है।

**प्रश्न 4: निम्न आय वर्ग (LIG) के लिए पात्रता और वर्गीकरण क्या है?**

जो छात्र आर्थिक कठिनाइयों के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, वे LIG श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। चयन के बाद छात्रों को उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर विभिन्न समूहों में वर्गीकृत किया जाता है:

| आवश्यकता समूह | मिलने वाली सुविधाओं का विवरण |
|---|---|
| **Group A** (अधिक आवश्यकता) | इसमें रहने की व्यवस्था, भोजन, कोचिंग, पुस्तकें और परीक्षा शुल्क जैसी पूरी सुविधाओं में सहायता शामिल हो सकती है। |
| **Group B** (मध्यम आवश्यकता) | खर्च का साझा मॉडल: **50%** मनोबल द्वारा और **50%** स्वयं छात्र द्वारा वहन किया जाएगा। |

- मूल्यांकन के आधार: परिवार की आय, घर की स्थिति, माता-पिता का व्यवसाय, संपत्ति एवं संसाधन, तथा कुल आर्थिक परिस्थिति।

## 2. शामिल परीक्षाएँ एवं महत्वपूर्ण तिथियाँ

प्रश्न 5: मनोबल 2026 के अंतर्गत कौन-कौन सी परीक्षाएँ शामिल हैं?

यह कार्यक्रम निम्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए है:

- UPSC सिविल सेवा परीक्षा
- महाराष्ट्र राज्य सेवा परीक्षा (MPSC), MPSC Group B व Group C, एवं डायरेक्ट रिक्रूटमेंट (सरल सेवा)
- अन्य राज्य PCS परीक्षाएँ
- बैंकिंग परीक्षाएँ, SSC, और RRB
- MBA प्रवेश परीक्षाएँ, Law CET, एवं अन्य उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाएँ

**प्रश्न 6: परीक्षाएँ कब आयोजित होंगी?**

- परीक्षा 1 – 5 जून 2026 (शुक्रवार)
    - *इन छात्रों के लिए:* UPSC, महाराष्ट्र राज्य सेवा, अन्य राज्य PCS, बैंकिंग, SSC, RRB और उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाएँ।
- परीक्षा 2 – 21 जून 2026 (रविवार)
    - *इन छात्रों के लिए:* MPSC Group B, MPSC Group C और डायरेक्ट रिक्रूटमेंट परीक्षाएँ।

परीक्षा का समय (दोनों तिथियों के लिए समान):

- रिपोर्टिंग समय: सुबह 9:30 बजे
- परीक्षा का समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
- *नोट: उम्मीदवारों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुँचना आवश्यक है। लेट एंट्री की अनुमति नहीं होगी।*

ऑनलाइन परीक्षा (यदि आवश्यक हो)

यदि प्रथम चरण की परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद सीटें रिक्त रहती हैं, तो मनोबल अतिरिक्त ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकता है। यह सुविधा केवल उन छात्रों के लिए होगी जो कॉलेज परीक्षा के टकराने (Clash), आसपास केंद्र न होने या मेडिकल इमरजेंसी जैसे वैध कारणों से ऑफलाइन परीक्षा नहीं दे पाए। इसका अंतिम निर्णय पूरी तरह मनोबल के अधीन रहेगा।

## 3. परीक्षा का माध्यम एवं लेखक (Scribe) के नियम

**प्रश्न 7: परीक्षा कैसे आयोजित होगी?**

परीक्षा भारतभर के निर्धारित ऑफलाइन केंद्रों पर निम्न दो प्रारूपों में आयोजित की जाएगी:

- सामान्य उम्मीदवार: मुद्रित प्रश्नपत्र और OMR उत्तर पत्रिका।
- दृष्टिबाधित (Visually Impaired) उम्मीदवार: एक्सेसिबल (Accessible) गूगल फॉर्म। इसके लिए उम्मीदवारों को स्वयं का मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप उपयोग करना होगा।

डिवाइस संबंधी महत्वपूर्ण सूचना:

केवल दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को अपना डिवाइस (मोबाइल/लैपटॉप) साथ लाना और स्थिर इंटरनेट सुनिश्चित करना अनिवार्य है। मनोबल केंद्र पर मोबाइल, लैपटॉप या इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं कराएगा।

**प्रश्न 8: दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए क्या विशेष सुविधाएँ हैं?**

- उम्मीदवार स्क्रीन रीडर और TalkBack या VoiceOver जैसी सहायक तकनीकों का उपयोग करके स्वतंत्र रूप से गूगल फॉर्म पर परीक्षा देंगे।
- अतिरिक्त समय: योग्य PwD उम्मीदवारों को नियमानुसार प्रति घंटे 20 मिनट का अतिरिक्त समय (Compensatory time) दिया जाएगा।
- चेकलिस्ट: मोबाइल/टैबलेट/लॅपटॉप, चार्जर, पावर बैंक, हेडफोन/इयरफोन और स्थिर इंटरनेट डेटा की व्यवस्था।

**प्रश्न 9: क्या लेखक (Scribe) की अनुमति होगी?**

- सामान्यतः नहीं। अधिकांश दृष्टिबाधित छात्र स्क्रीन रीडर की मदद से स्वतंत्र रूप से परीक्षा देने में सक्षम होते हैं।

- अपवाद: विशेष परिस्थितियों में, जैसे दोनों हाथों से संबंधित गंभीर दिव्यांगता के कारण यदि स्वतंत्र रूप से परीक्षा देना असंभव हो, तो ही Scribe की अनुमति दी जा सकती है।

## 4. श्रेणी वर्गीकरण (Basic vs Advanced)

**प्रश्न 10: क्या Basic और Advanced उम्मीदवारों के लिए अलग परीक्षा होगी?**

- हाँ। दोनों श्रेणियों के लिए अलग प्रश्नपत्र एवं अलग कट-ऑफ लागू होंगे। उम्मीदवार केवल अपनी चुनी हुई श्रेणी में ही प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**प्रश्न 11: मुझे कैसे पता चलेगा कि मैं Basic या Advanced श्रेणी में हूँ?**

- Basic Category: वे छात्र जिन्होंने अभी तक गंभीर तैयारी प्रारंभ नहीं की है, या जिन्हें तैयारी करते हुए 1 वर्ष से कम का समय हुआ है।
- Advanced Category: वे छात्र जो 1 वर्ष से अधिक समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की गंभीर तैयारी कर रहे हैं।

श्रेणी की जाँच और महत्वपूर्ण चेतावनी:
साक्षात्कार के दौरान आपकी चुनी हुई श्रेणी की आयु, योग्यता, तैयारी के इतिहास और पिछले प्रयासों के आधार पर कड़ी जाँच की जाएगी। गलत जानकारी देने या जानबूझकर गलत श्रेणी चुनने पर पात्रता रद्द की जा सकती है, प्रवेश निरस्त किया जा सकता है और भविष्य की सभी छात्रवृत्तियों से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## 5. विस्तृत पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न

**प्रश्न 12: UPSC / महाराष्ट्र राज्य सेवा / अन्य राज्य PCS**

A. Basic Category

- भाषा विकल्प: अंग्रेज़ी–हिंदी (द्विभाषीय) या अंग्रेज़ी–मराठी (द्विभाषीय)
- परीक्षा विवरण: 2 घंटे | कुल प्रश्न: 120 | कुल अंक: 240
- पाठ्यक्रम:
  - *कक्षा 12 स्तर तक (NCERT):* इतिहास, राजव्यवस्था, भूगोल, विज्ञान, अर्थशास्त्र।
  - *कक्षा 10 स्तर:* गणित, रीजनिंग, अंग्रेज़ी भाषा।

B. Advanced Category

- भाषा विकल्प: अंग्रेज़ी–हिंदी (द्विभाषीय) या अंग्रेज़ी–मराठी (द्विभाषीय)
- परीक्षा विवरण: 2 घंटे | कुल प्रश्न: 100 | कुल अंक: 200
- पैटर्न: 80 सामान्य अध्ययन (GS) प्रश्न + 20 CSAT प्रश्न। सभी प्रश्न समान अंक के होंगे और मेरिट बनाते समय CSAT के अंक भी जोड़े जाएंगे। यह पेपर पूरी तरह UPSC Prelims के पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

**प्रश्न 13: बैंकिंग / SSC / RRB परीक्षा पैटर्न**

A. Basic Category

- भाषा: अंग्रेज़ी–हिंदी (द्विभाषीय)
- परीक्षा विवरण: 120 मिनट (संयुक्त समय) | कुल प्रश्न: 120 | कुल अंक: 120
- पैटर्न: 1. अंग्रेज़ी भाषा – 25 प्रश्न | 2. गणित (Quant) – 25 प्रश्न | 3. रीजनिंग – 35 प्रश्न | 4. सामान्य ज्ञान/कंप्यूटर/विविध – 35 प्रश्न
- *नोट: इस पेपर का स्तर तुलनात्मक रूप से सरल होगा। यह MBA Entrance, Law CET और अन्य उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी लागू है।*

B. Advanced Category

- भाषा: अंग्रेज़ी–हिंदी (द्विभाषीय)
- परीक्षा विवरण: 120 मिनट (संयुक्त समय) | कुल प्रश्न: 120 | कुल अंक: 120
- पैटर्न: 1. अंग्रेज़ी भाषा – 25 प्रश्न | 2. गणित (Quant) – 25 प्रश्न | 3. रीजनिंग – 35 प्रश्न | 4. सामान्य ज्ञान/कंप्यूटर/विविध – 35 प्रश्न

**प्रश्न 14: MPSC Group B, Group C एवं डायरेक्ट रिक्रूटमेंट**

A. Basic Category

- भाषा: अंग्रेज़ी–मराठी (द्विभाषीय)
- परीक्षा विवरण: 1 घंटा | कुल प्रश्न: 100 | कुल अंक: 100
- पाठ्यक्रम: महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा 12 स्तर तक (इतिहास, राजव्यवस्था, भूगोल, विज्ञान, अर्थशास्त्र) और कक्षा 10 स्तर (गणित, रीजनिंग, अंग्रेज़ी)।

B. Advanced Category

- भाषा: अंग्रेज़ी–मराठी (द्विभाषीय)
- परीक्षा विवरण: 1 घंटा | कुल प्रश्न: 100 | कुल अंक: 100
- पाठ्यक्रम: यह परीक्षा MPSC Group B एवं Group C Combined Examination के वास्तविक आधिकारिक सिलेबस एवं पैटर्न पर आधारित होगी।

## 6. चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा के नियम

प्रश्न 15: क्या लिखित परीक्षा के अंक अंतिम चयन में शामिल होंगे?

- नहीं। लिखित परीक्षा केवल साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए आयोजित की जाती है। अंतिम चयन पूरी तरह साक्षात्कार के प्रदर्शन पर ही आधारित होगा।

**प्रश्न 16: अंतिम चयन कैसे किया जाएगा?**

साक्षात्कार (Interview) के दौरान निम्न पहलुओं का मूल्यांकन किया जाता है:


- प्रदान की गई जानकारी और दस्तावेजों की सत्यता
- वास्तविक आर्थिक और वैयक्तिक परिस्थितियाँ
- शैक्षणिक पृष्ठभूमि और तैयारी की गंभीरता
- कार्यक्रम के लिए उम्मीदवार की समग्र उपयुक्तता

**प्रश्न 17: मैं अपना परीक्षा केंद्र कैसे चुन सकता/सकती हूँ?**

1. परीक्षा से लगभग 5 दिन पहले उम्मीदवारों को WhatsApp पर Google Form का लिंक भेजा जाएगा।
2. उम्मीदवारों को वह फॉर्म खोलकर अपनी पसंद का केंद्र चुनना होगा और समय सीमा के भीतर जमा करना होगा।
3. परीक्षा केंद्र उपलब्धता के आधार पर आवंटित किए जाएंगे। समय पर फॉर्म न भरने पर केंद्र आवंटन का अधिकार मनोबल के पास सुरक्षित रहेगा।

**प्रश्न 18: 5 जून 2026 की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र कौन से हैं?**

**भारत भर में परीक्षा के केंद्र**




| केंद्र | | पता |
|---|---|---|
| दिल्ली 1 | – | Vision IAS, करोल बाग मेट्रो, नई दिल्ली |
| दिल्ली 2 | – | Vision IAS, GTB नगर मेट्रो, दिल्ली |
| चंडीगढ़ | – | Vision IAS, सेक्टर 25D, चंडीगढ़ |
| जम्मू | – | Wings Ek Udaan, गांधी नगर, जम्मू |
| जयपुर | – | Vision IAS, Apex Mall, टोंक रोड, जयपुर |
| जोधपुर | – | Vision IAS, भास्कर सर्कल, रतनाडा, जोधपुर |
| लखनऊ | – | Vision IAS, अलीगंज, लखनऊ |
| प्रयागराज | – | Vision IAS, सिविल लाइंस, प्रयागराज |
| वाराणसी | – | Banaras Hindu University (BHU), वाराणसी |
| अहमदाबाद | – | Vision IAS, आश्रम रोड, अहमदाबाद |
| पुणे | – | MMCC, डेक्कन जिमखाना, पुणे |
| ठाणे | – | Anand Vishva Gurukul, वागळे एस्टेट, ठाणे |
| जळगांव | – | दीपस्तंभ कैंपस, कुसुंबा, जळगांव |
| नागपुर | – | MKH Sancheti School, वर्धा रोड, नागपुर |
| भोपाल | – | Vision IAS, हबीबगंज, भोपाल |
| इंदौर | – | Tathagat IAS, भंवरकुआँ रोड, इंदौर |
| बेंगलुरु | – | Vision IAS, हम्पी नगर, बेंगलुरु |
| हैदराबाद | – | Vision IAS, RTC Cross Road, हैदराबाद |
| रांची | – | Vision IAS, Circular Road, लालपुर, रांची |
| पटना | – | ए. एन. कॉलेज, बोरिंग रोड, श्री कृष्ण पुरी, पटना |

*नोट: 21 जून 2026 की परीक्षा (MPSC/डायरेक्ट रिक्रूटमेंट) के परीक्षा केंद्रों की सूची अलग से घोषित की जाएगी।*

**प्रश्न 19: क्या परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र (Admit Card) जारी किया जाएगा?**

- नहीं, अलग से कोई भौतिक प्रवेश पत्र जारी नहीं होगा। मनोबल द्वारा WhatsApp या Email पर भेजा गया परीक्षा केंद्र आवंटन और रिपोर्टिंग निर्देशों का संदेश ही आपका आधिकारिक प्रवेश पत्र (Entry Pass) माना जाएगा। इसलिए अपने इनबॉक्स और स्पैम फोल्डर नियमित रूप से चेक करें।

**प्रश्न 20: परीक्षा के दिन साथ लाना क्या अनिवार्य है?**

- अनिवार्य (Mandatory): मूल सरकारी फोटो पहचान पत्र (जैसे पैन कार्ड, पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस आदि)। *(नोट: वेरिफिकेशन के लिए ओरिजिनल वैलिड फिजिकल आईडी कार्ड ही मान्य होगा)*।
- यदि लागू हो: दिव्यांगता प्रमाणपत्र (Disability Certificate)।
- वैकल्पिक: रफ कार्य के लिए कोरे पन्ने, पेन या पेन्सिल।

**प्रश्न 21: परीक्षा के दौरान कौन सी गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित हैं?**

नकल करना, अन्य छात्रों से बातचीत, तोतयागिरी (दूसरे के स्थान पर परीक्षा देना), अनधिकृत सामग्री का उपयोग या Scribe सुविधा का दुरुपयोग करने पर उम्मीदवार को तुरंत अयोग्य घोषित कर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 7. आधिकारिक संपर्क एवं हेल्पलाइन विवरण

सभी आधिकारिक घोषणाओं, परीक्षा परिणाम और नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से विजिट करें: www.deepstambh.org

संपर्क सूत्र

- WhatsApp सपोर्ट (प्राधान्य): 9067111597
- ईमेल: admission@deepstambh.org

हेल्पलाइन नंबर्स

- जळगांव: 8149730318, 9890406717
- पुणे: 9168660080, 8624837332
- दिल्ली: 9607983508

कॉल करने का समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

(केवल कार्यालयीन/कामकाजी दिनों में)